# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



13 परंपरागत जैविक कृषि में ही है कृषकों की आर्थिक समृद्धि: अटामी





14 अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल




# रेपर बादशाह ने संवारा, प्रशासन ने मकान तक नहीं दिया

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

सुकमा जिले के छोटे से गांव उड़मापाल का छोटा बच्चा तीन साल पहले बसपन का प्यार गाने से हिट होकर रातों-रात छा गया था। सोशल मिडिया में सहदेव के इस गाने को लोगों ने न केवल सराहा उसकी प्रतिभा की तारीफों के पुल बांधे। इस प्रतिभाशाली बालक की मासूमियत ने बॉलीवुड के स्टार रेपर बादशाह को प्रभावित किया बादशाह का ऑफर मिलने के बाद सहदेव दिल्ली और मुम्बई पहुंचा और उसके बाद वह स्टार बन गया। लोगों ने उसकी मदद के लिए हाथ बढ़ाए। उस दौरान सोशल मिडिया में छाया बालक आज गुमनामी की जिंदगी में है। बादशाह ने उसे संवारा लेकिन स्थानीय जिला प्रशासन ने वादे के बाद भी एक पक्का मकान तक बना कर नही दिया। इस समय सहदेव जगदलपुर के समीप आड़ावाल के आदेश्वर अकादमी में दसवीं की पढ़ाई कर रहा है। जब वह बसपन का प्यार गाने से लोकप्रिय हुआ था उस दौरान एक एनजीओ ने इस गरीब बालक की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करने का वादा किया था।

आज यह संस्था पिछले दो साल से पढ़ाई के साथ-साथ हॉस्टल और खाने पीने का लगभग डेढ़ से दो लाख सालाना का खर्च उठा रही है। शनिवार की शाम आदेश्वर अकादमी के कैम्पस में हरिभूमि से चर्चा में सहदेव दिरदो ने बताया कि दसवीं की पढ़ाई के बाद रेपर सिंगर बनने के लिए मेहनत करूंगा। उसने कहा रेपर बादशाह के साथ दिल्ली में गाने की शूटिंग और मुम्बई में रिलिज होने के बाद काफी प्रसिद्धि मिली और अनेक गायक और सफल लोगों से मुलाकात हुई। दो फिल्म द बस्तर टाइगर और बंगाल 1947 में भी अभिनय करने का मौका ⏭ शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- तीन साल पहले बसपन का प्यार गाने से हिट हुआ सहदेव दसवीं की पढ़ाई कर रहा
- सहदेव की पढ़ाई का पूरा खर्च एक एनजीओ उठा रहा
- सोशल मिडिया में प्रसिद्धि पाने के बाद अब गुमनामी जिंदगी



### साल भर से अब कहीं से कोई खबर नहीं

सहदेव जब गाने से लोकप्रिय हुआ उस दौरान उनके साथ साये की तरह रह कर मैनेजर की भूमिका निभाने वाले पिंटू मानिकपुरी ने कहा की लगभग साल भर से अब कोई खोज खबर नही ले रहा है। हालांकि अभी सहदेव दो साल से पढ़ाई में ध्यान लगा रहा है। रैपर बादशाह के साथ शूटिंग दिल्ली और मुम्बई में गाने के रिलिज होने के बाद अनेक बड़े लोगों से मेल मुलाकात का अवसर मिला। बादशाह सर ने आर्थिक मदद की और आगे भी उनका सहयोग मिलेगा।

### लखमा ने की थी मदद

बसपन का प्यार गाने को सुनकर कोंटा के विधायक तथा उस समय मंत्री रहे कवासी लखमा ने रायपुर बुलाकर सहदेव का सम्मान कर उसे तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलवाया था। उस दौरान सोशल मिडिया में इस गाने को सुनकर कई जगह से मदद के लिए लोग आगे आए आज उसी वजह से सहदेव एनजीओ के मदद से शानदार प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। लेकिन सहदेव और उसके मैनेजर को इस बात का बड़ा अफसोस है कि बाहर से तो मदद मिल रही है लेकिन इस आदिवासी गरीब बालक की प्रतिभा को निखारने और परिवार की मदद के लिए स्थानीय स्तर पर कोई पहल नहीं हो रही है।

**खबर संक्षेप**

### डिप्टी सीएम विजय ने दीपोत्सव में जलाए दीप



**जगदलपुर।** दीपोत्सव के अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवा बस्तर के अन्य जगहों की नकारात्मक छवि को तोड़ने की कोशिश करें। दलपत सागर में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए यह संकल्प लें कि समूचे बस्तर में शांति स्थापित हो, बस्तर के गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। बस्तर की जनता प्रदेश-देश के विकास में सक्रिय सहभागी बनें। इस दौरान सांसद महेश कश्यप , महापौर सफिरा साहू , पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि की मौजूदगी रही। विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठनों, युवोदय के स्व-सेवक सहित हजारों की संख्या में नागरिकों ने दलपत सागर के किनारे लगभग दो लाख 51 हजार से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित किया।

### शबरी नदी पर मोटू पुल का निर्माण पूरा पर



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के शबरी नदी पर कोंटा के पास मोटू मार्ग में बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण कार्य एक वर्ष पूर्व ही किया।

### अतिक्रमण हटाने मैदानी कर्मचारी कर रहे सर्चिंग



**जगदलपुर।** वन विभाग द्वारा शहर के साथ-साथ अंदरूनी क्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण को हटाने, जंगल और वन्यजीवों पर निगरानी की जा रही है। इसके चलते वन विभाग के अधिकारी, मैदानी कर्मचारी जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं। पर्यावरण सुधार के लिए वनों की कटाई को नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है। संरक्षित क्षेत्रों में और आसपास के इलाकों में गश्ती बढ़ा दी है। अधिकारियों द्वारा राज्य के जंगल और वन्यजीव विभागों पर बारीकी से निगरानी की जा रही है। वन विभाग के मैदानी कर्मचारी जंगल में सर्चिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गांवों में वन सुरक्षा समितियां बनाने और जागरूकता फैलाने, वनों की कटाई को रोकने के लिए काम किया जा रहा है। वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने एसडीओ, रेंजर को निर्देश दिए कि वे वन भूमि के अतिक्रमण रोकने के साथ हटाने, जंगल एवं वन्यजीवों को बचाने के लिए सर्चिंग करें।

## गृहमंत्री शाह के दौरे से पूर्व तैयारी का डिप्टी सीएम ने लिया जायजा

# सेंट्रल कमेटी मेंबर हिड़मा के गांव पूर्वती जा सकते हैं अमित शाह तथा तैनात जवानों से भी करेंगे चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास से पूर्व शनिवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा तैयारी का जायजा लेने जगदलपुर पहुंचे। एयरपोर्ट में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिन के बस्तर प्रवास पर आ रहे है। पहले दिन नक्सलियों का बहादुरी से मुकाबला करने वाले जवानों के साथ डिनर करेंगे। वहीं दूसरे दिन शहीद जवानों के परिवार से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत कैम्प का भ्रमण भी करेगें। पत्रकारों ने जब पूछा कि क्या वे सेंट्रल कमेटी मेंबर हिड़मा के गांव पूवर्ती जाएंगे तो उन्होंने कहा कि उससे भी आगे जाएंगे। एक तरह से उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि अमित शाह का नक्सलगढ़ में पहुंचने का कार्यक्रम बन रहा है।

- डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा- अमित शाह जवानों के साथ डिनर करेंगे और कैंप भी जाएंगे

गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कुछ माह पूर्व छग के दौरे में इस बात का एलान किया था कि मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा। इसके बाद से ही नक्सलियों के खिलााफ लगातार आपरेशन जारी है। वर्ष 2024 पूरा नहीं हुआ है इससे पूर्व ही दो सौ से अधिक नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया है।



### जवानों से चर्चा कर शहीद परिवारों से मुलाकात

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि 15 दिसम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सल आपरेशन में भाग लेने वाले बहादुर जवानों के साथ डिनर करेगें। वहीं 16 दिसम्बर को शहीद परिवारों से मुलाकात करेगें। इसके बाद नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसी कैम्प का भ्रमण भी करेगें। विजय शर्मा से जब पूछा गया कि क्या वे नक्सली कमाण्डर हिड़मा के गांव पूवर्ती कैम्प जाएगें तो उन्होंने बताया कि उससे भी आगे जाएगें। इससे यह बात साफ हो गया कि केन्द्रीय गृहमंत्री पूवर्ती या पूवर्ती कैम्प से पहले खोले गए टेकलगुड़ेम कैम्प का भ्रमण कर तैनात जवानों से भी चर्चा करेगें।

### नक्सलगढ़ जाने वाले प्रथम गृहमंत्री होंगे शाह

नक्सलियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले पूवर्ती व टेकलगुड़ेम नक्सल लीडर व सेट्रल कमेटी मेंबर हिड़मा व बटालियन नम्बर एक के चीफ देवा बारसे का गृहग्राम है। अगर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सलियों के सुरक्षित इलाके का भ्रमण करते है तो वह पहले केन्द्रीय मंत्री होगें जो नक्सलगढ़ का भ्रमण करेगें। आपको बता दें कि सुकमा जिला मुख्यालय से 120 किमी दूर पूवर्ती ग्राम है जहां जनवरी माह में कैम्प खोला गया था इससे लगभग 4 किमी पहले टेकलगुड़ेम गांव है यहां भी कैम्प खोला जा चुका है। पूवर्ती को टेक हेडक्वार्टर बनाया गया है जहां से नक्सल आपरेशन संचालित किया जाता है।

# बेटा गिड़गिड़ाता रहा नक्सलियों ने आंबा सहायिका की हत्या कर दी



**जगदलपुर/बीजापुर।** बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिम्मापुर गांव में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए आंगनबाड़ी सहायिका की निर्मम हत्या कर दी। इस दौरान बेटा मां को छोड़ने गिड़गिड़ाता रहा लेकिन नक्सलियों ने उसकी नहीं सुनी और बेटे के सामने ही मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस दौरान मां को छुड़ाने बेटा नक्सलियों से भिड़ गया लेकिन मां को बचाने में सफल नहीं हो सका। बस्तर में यह पहली वारदात है जब नक्सलियों ने किसी आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या की है। हमले से इलाके में दहशत का माहौल है।

- तीन दिन में तीसरी हत्या, दो दिन पूर्व की थी दो पूर्व सरपंचों की हत्या

जानकारी के मुताबिक तिम्मापुर स्थित आंगनबाड़ी सहायिका लक्ष्मी पद्दम पति जगदीश पद्दम 45 वर्ष के घर पर रात लगभग 8 बजे आधा दर्जन के करीब हथियारबंद नक्सली पहुंचे और गला घोंटकर उसके बेटे के सामने ही हत्या कर दी। इस दौराम बेटा मां को छोड़ने की गुहार लगाते हुए नक्सलियों से भीड़ गया लेकिन नक्सलियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और उसकी हत्या कर चलते बने। मौके पर नक्सलियों की मद्देड़ एरिया कमेटी ने पर्चा छोड़कर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। पर्चे में लिखा है कि लक्ष्मी वर्ष 2022 से तिम्मापुर कैम्प के टीआई कमल किशोर तिर्की, चन्द्रसिंह पवन व आवापल्ली थाना प्रभारी के साथ मिलकर पुलिस मुखबिरी का काम करती थी। इससे पूर्व भी लक्ष्मी पद्दम को तीन बार चेतावनी दिया जा चुका था बावजूद वह पैसे के लालच में पुलिस का साथ दे रही थी। नक्सलियों की ⏭ शेष पेज 12 पर

## गृहमंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारी का जायजा लेने डिप्टी सीएम शहर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह का बस्तर दौरा 15 दिसम्बर को होने वाला है और इसी दिन वे बस्तर ओलंपिक खेल समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और नक्सलवाद के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल जवानों के साथ मुलाकात करेंगे। इसके अलावा एक रात बस्तर के किसी भी कैम्प में रुकने की संभावना हैं। केंद्रीय गृहमंत्री के बस्तर दौरे की समीक्षा बैठक लेने प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे उनके साथ वनमंत्री केदार कश्यप और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आये।

मीडिया से चर्चा में डिप्टी सीएम ने बताया कि 15 दिसम्बर का दिन बस्तर के लिए खास होगा। केंद्रीय गृहमंत्री बस्तर में होने वाले अनेक कार्यक्रम में शामिल होकर शहीद परिवारो से मुलाकात करेंगे। उन्होंने पूर्व सरपंचों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की माओवादियों द्वारा की गई हत्या को लेकर कहा कि नक्सली बेगुनाह ग्रामीणो को मार कर कायराना हरकत कर रहे हैं, ये ठीक नही है हजारों ग्रामीणो को शक के दायरे में मार दिए हैं जबकि असम से आये उग्रवादी मुख्य धारा में जुड़कर विधायक भी बने हैं। ऐसे में हमारी सरकार भी नक्सलियो को आमंत्रित कर रही हैं की आये और मुख्यधारा में जुड़ें और पुनर्वास का लाभ लेकर एक बेहतर जिंदगी जिये। इस प्रकार की हत्या करना ठीक नही है।

## 80 क्विंटल धान जब्त, खाद्य व पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**सुकमा।** खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को छिंदगढ़ ब्लॉक के कोकराल में एक मकान से 80 क्विंटल धान जब्त किया गया। अधिकारियों ने जब्त धान पर मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई कर संबंधित को सुपुर्द कर दिया है। जब्त धान की कीमत 1 लाख 84 हजार बताई जा रही है।



उल्लेखनीय है कि 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के दौरान अवैध धान की आवक रोकने सीमावर्ती इलाकों में 12 स्थानों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए निगरानी दल तैनात है। छिंदगढ़ खाद्य निरीक्षक विक्रांत नायडू ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली कि किंदरवाड़ा ग्राम पंचायत के कोकराल मे एक निजी मकान में अवैध धान स्टॉक कर रखा गया है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग ने पुसपाल पुलिस की मदद से उक्त मकान में छापामार कार्रवाई की गई जिसमें मौके से 80 क्विंटल धान बरामद हुआ है।

# शहर में दोपहर के बाद झमाझम बारिश हुई, लोग हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




अंचल में शनिवार को सुबह से आसमान साफ नही था 6 से 8 बजे सुबह तक मौसम में बार-बार बदलाव देखा जा रहा था लेकिन सुबह 9 बजे आसमान साफ हुआ और सूर्य की चटक रोशनी से लोग राहत लिए। दोपहर के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ और आसमान बादल के आगोश में समां गए। कुछ ही देर में वर्षा का दौर प्रारम्भ हुआ। लगभग एक घण्टे तक हल्की से मध्यम वर्षा होती रही। शाम 5 बजे के बाद बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली। एकाएक हुई बारिश से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क पर जल जमाव की स्थिति निर्मित हुई। कुछ स्थानों में नाली का कचरा का उठाव हुआ था,जो बारिश होने से पूरे मार्ग को गंदगी करने में कोई कसर नही छोड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक आज अधिकतम तापमान में हल्की कमी आई जबकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम 27.8 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री ज्यादा 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह और शाम आद्रता 95-95 प्रतिशत आंका गया। जबकि दोपहर बाद हुए वर्षा 11.5 आंका गया।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक प्रदेश में नमी युक्त हवाओं का आगमन बंगाल की खाड़ी से हो रहा है साथ ही एक हवा का सम्मिलन क्षेत्र पूर्वी मध्य प्रदेश और इससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर होने की सम्भावना बन रही है । इसके कारण प्रदेश हल्की से ⏭ शेष पेज 12 पर

## जिले के सभी 79 केंद्रों में खरीदी जोर-शोर से की जा रही

# दर्जनों केंन्द्रों में धान खरीदी लिमिट से अधिक पर उठाव अभी शुरू नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हुई है। जिले के सभी 79 केंन्द्रों में खरीदी जोर-शोर से की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से धान खरीदी की रफ्तार बढ़ गयी है। हर दिन बड़ी मात्रा में धान उपार्जन केंन्द्रों में पहुंच रहा है। किसान भी सूखती और नुकसान की आशंका के चलते खरीदी केंद्रों में पहुंचकर धान बेच रहे हैं। लेकिन अब तक मिलर्स के साथ अनुबंध नहीं होने के कारण केंद्रों से धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है।

मिलर्स धान की कस्टम मिलिंग के तहत पंजीयन कराने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते दर्जन भर केंन्द्रों में बफर लिमिट पार कर गया है। समय पर धान का उठाव नहीं होने से किसानों को धान बेचने में भी परेशानी हो सकती है। धान खरीदी जिस रफ्तार से चल रहा है इस पर विचार किया जाय तो आने वाले दिनों में 79 उपार्जन केंद्रों में अधिकांश केंद्रों में बफर लिमिट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। समस्या इसलिए उत्पन्न हुई है कि खरीदी प्रारम्भ हुए 24 दिन बीत चुका है किन्तु,अब तक कस्टम मिलिंग के लिए समूचे बस्तर संभाग के एक भी मिलर्स मिलिंग के लिए पंजीयन नही कराए हैं। जब तक मिलर्स शासन के साथ पंजीयन नही कराएंगे,कस्टम मिलिंग का काम प्रारम्भ नही होगा। कस्टम मिलिंग के बिना उठाव नही होगा। इसलिए उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट की स्थिति बन रही है।

**कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों ने नहीं कराया पंजीयन :** बस्तर जिले में कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों का अब तक पंजीयन शुरू नहीं हुआ है न अब तक संग्रहण केंद्र चालू हुआ है। इससे बसतर जिले के उपार्जन केंद्रों में 5 हजार 873 किसानों से अब तक 3 लाख 2 हजार क्विंटल धान जाम हो गया है।

### बहुत जल्द मिलर्स का होगा पंजीयन

मिलर्स की कुछ मांगे थी,जिसे शासन स्तर पर सार्थक पहल किया गया है,मांगे पूरी होने के बाद आज या कल से कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स पंजीयन कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। एक-दो दिनों में उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव जोरशोर से किया जाएगा। **आर ध्रुव**, डीएमओ,



### जिले के 11 केंद्रों में बपर लिमिट

जिले के 11 उपार्जन केन्द्रों में तो बफर लिमिट से अधिक धान जाम है। पिछले दिनों इन्हीं मुद्दों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। उसके बाद भी धान का उठाव शुरू नहीं हो पाया है। जिले के धान खरीदी केंद्रों की स्थिति की बात करें तो 7200 क्विंटल धान बफर लिमिट की मात्रा है, लेकिन करंजी में 9711, छप्पर भानपुरी 8944, बड़े मारेंगा 8036, रायकोट 8026, केशरपाल 7972, राजनगर 7604, पल्ली 7485, मंगनार 7450, जगदलपुर 7438 और बस्तर में 7424 क्विंटल धान जाम है, जो कि लिमिट के पार तक पहुंच गया है।





**पाठक सूचना**

सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला

**दीप न्यूज एजेंसी**

पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा

मो. 9149027841

**खबर संक्षेप**

## उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंकराम वर्मा जगदलपुर पहुंचे। शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित जनप्रतिनिधि और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज ने दिया 20 यूनिट रक्तदान




**जगदलपुर।** शासकीय सह-शिक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज की ओर से शनिवार को आड़ावाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य एडी पटेल और महारानी ब्लड केंद्र के प्रभारी डॉ. डाकेश रात्रे ने किया। इस अवसर पर डॉ. रात्रे ने पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविर अधिक से अधिक स्तर पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पॉलिटेक्निक के स्टॉफ और विद्यार्थी सामाजिक प्रगति की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी रक्तदाताओं और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। शिविर में बच्चों सहित कॉलेज के स्टाफ, फैकल्टी ने भाग लिया और 20 यूनिट रक्तदान किया। अस्पताल के रोमा सिन्हा, माधवी, वीरेन्द, विकेश और विमल पोया का सहयोग रहा। जिला महारानी अस्पताल स्टॉप को कॉलेज प्रबंधन द्वारा भेंट कर सम्मानित किया गया।

### उप मुख्यमंत्री, वनमंत्री और खेलमंत्री ने ली बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता के आयोजन की समीक्षा बैठक

# अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप और खेलमंत्री टंकराम वर्मा ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में तीनों मंत्रियों ने तैयारियों का विस्तृत चर्चाकर आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के आगमन के संबंध में भी चर्चा किए।

बैठक में विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर ओलंपिक बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों के युवाओं को खेल के माध्यम से मुख्य धारा से जोड़ने की पहल है। खेल के द्वारा युवाओं का एक माहौल देना है साथ ही योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दिया जाना है।






बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तर के विजेता का समाज में महती भूमिका होगी, ये विजेता बस्तर के नौजवानों को उन्नति के लिए अन्य युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास करेंगे। खेल प्रतियोगिता में बस्तर के अंदरूनी इलाकों के अधिक से अधिक पहुंचे और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करें।

बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इस प्रतियोगिता में खेल संघों, विभिन्न समाजों के प्रमुखों को आमंत्रित किया जाए। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को भी प्रचारित किया जाए। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार बस्तर के युवाओं की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन किया जा रहा है। इसका सफलता पूर्वक संभाग स्तरीय आयोजन किया जाने हेतु आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाए। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि सातों जिलों के टीम इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की आवश्यकता बताई। बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 2422 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इसके अलावा 300 आत्मसमर्पित खिलाड़ियों और नक्सल हिंसा से दिव्यांग खिलाडी शामिल हो रहे है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आवास की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दी। साथ ही उद्घाटन और समापन समारोह की रूपरेखा की जानकारी दी। बैठक में कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, सीसीएफ दुग्गा, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत सीईओ उपस्थित रहे।

### तैयारियों का लिया जायजा

बैठक से पहले तीनों मंत्रियों ने इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में उद्घाटन और समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा और बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य अतिथियों की बैठक व्यवस्था, खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, संचालक खेल विभाग तनुजा सलाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निगम ठेकेदार संघ के चुनाव में प्रशांत अध्यक्ष और सुमित चुने गए सचिव




हारिभूमि न्यूज : जगदलपुर

नगर निगम में निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों ने एक संगठन (संघ) का खड़ा कर समय-समय पर होने वाली समस्याओं और अपने अधिकारों की लड़ाई एकजुटता से करने का मार्ग प्रशस्त किया।

नगर निगम ठेकेदार संघ के चुनाव में प्रशांत धनकर को अध्यक्ष और सुमित शुक्ला को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया। निर्वाचन अधिवक्ता संघ के विधि सलाहकार विपुल श्रीवास्तव ने संपन्न करवाया। टाऊन हॉल में हुए चुनाव में शहर के नागरिक और वरिष्ठ ठेकेदार मौजूद थे। सभी की सहमति से अध्यक्ष और सचिव पद का निर्वाचन किया गया। नियुक्ति की घोषणा के साथ अध्यक्ष और सचिव को संघ के सदस्यों ने बधाई देते हुए फूल-माला से लाद दिया। इस दौरान अध्यक्ष प्रशांत धनकर और सचिव सुमित शुक्ला ने सभी ठेकेदारों को संबोधित करते हुए कहा कि ठेकेदारों के हित में जो भी निर्णय एवं कार्य करना होगा वह सदैव उसे पूर्ण करेंगे। हमेशा संघ की गरिमा को बनाए रखेंगे और निष्पक्ष रूप से सभी ठेकेदारों के हित में ही आगे आएंगे। सभी ठेकेदारों को समय पर उनका पेमेंट मिले इसके लिए संघ सतत प्रयास करेगा ताकि किसी भी ठेकेदार के सामने आजीविका का संकट पैदा ना हो। इस मौके पर सचिव सुमित शुक्ला ने बताया कि बाकी की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष एवं अन्य पद के लिए सर्व सहमति से जल्द ही नियुक्ति की जाएगी।

# विशाल समागम में बस्तर के साहित्यकारों ने छोड़ी छाप

हारिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- साहित्योदय का राष्ट्रीय स्तर का विशाल सम्मेलन सम्पन्न

साहित्योदय का राष्ट्रीय सम्मेलन हरिद्वार में 4 व 5 दिसम्बर को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में बस्तर अंचल की चर्चित साहित्यकार सम्मलित हुए। सम्मेलन में देश के साहित्यकार शामिल रहे। खासकर उत्तराखंड, झारखंड, पंजाब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत अन्य प्रांत के साहित्यकार, रचनाकार और कवि शामिल हुए। साहित्योदय सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म और हिन्दू संस्कृति के ग्रंथों को और सरल सहज बनाना है ताकि जन-सामान्य तक इसकी पहुंच हो।

सम्मेलन का उद्घाटन योग गुरु बाबा रामदेव ने किया। अध्यक्षता शाकंभरी विद्यालय के कुलपति प्रो हदयशंकर मिश्र और प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र और देवेन्द्र कुमार देव ने किया।




मुख्य आयोजक साहित्ययोदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने स्पष्ट किया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा,और ग्रंथों को जन-जन तक पहुंचाना है। 152 कवियों का काव्यपाठ, पुस्तकों का विमोचन शामिल है।

काव्य सत्रों को 12 ज्योतिलिंग के नाम से बांटा गया है। जगदलपुर से डॉ सुषमा झा , संतोष झा और रायपुर से नीता झा काव्य संचालन तथा पुरस्कार वितरण समिति में रखा गया है। जगदलपुर से सुनीता झा का गायन सत्र सम्मलित है। नीता झा के संपादन में किताब प्रकाशन किया गया। शिवायन में छत्तीसगढ़ की टीम सक्रियता से उभरी है इसका श्रेय संतोष झा को जाता है। डॉ सुषमा झा हरिद्वार से चर्चा में बताया साहित्योदय राष्ट्रीय सम्मलेन विशुद्ध रूप से सनातनी समागम था जिसमें समूचे देश से बड़ी संख्या में प्रसिद्ध साहित्यकार उपस्थित थे। हरिद्वार का यह सम्मेलन निश्चित रूप से भारत मे छाप छोड़ेगा राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन में जगदलपुर बस्तर की उपस्थिति रही।

इस सम्मेलन में संतोष झा, डॉ सुषमा झा का उनकी लेखनी और संचालन के लिए सम्मान किया गया।

## कृषक उन्नति योजना से नंदकिशोर को मिली राहत

**बीजापुर।** कृषक उन्नति योजना से मिली आदान राशि कोकड़ा पारा निवासी नंदकिशोर पाण्डेय के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में काम आया जिससे यह राशि उनको बड़ी राहत दी। नंदकिशोर के पास साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि है। पिछले वर्ष 54 क्विंटल धान बेचा था। कृषक उन्नति के तहत 50 हजार से अधिक की राशि मिलने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अतिरिक्त खर्च में काम आया धान का वाजिब मूल्य मिलने पर खेती किसानी के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष 60 क्विंटल से अधिक धान बेचने जा रहा है। नंदकिशोर कहता है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसानों के प्रति यह बहुत बड़ा सम्मान है जो उनके मेहनत को समझा और उनको आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए यह कदम उठाया सरकार ने अपना वायदा पूरा करके किसानों की झोली खुशियों से भर दी। किसान अब बेफिक्र होकर धान उपार्जित कर रहे है क्योकि उनका मुखिया विष्णुदेव साय उनके मेहनत को समझ रहा है और किसानों को हर कीमत में खुशहाल देखना चाहता है ऐसे संवेदनशील पहल के लिए नंदकिशोर मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अभाविप लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर संगोष्ठी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई पर संगोष्ठी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभाविप प्रदेश सहमंत्री जिला संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि एक ऐसा देश जिसने वीरता की अनेक रानियों को देखा, लेकिन देवी अहिल्याबाई होल्कर की विरासत अद्वितीय है, क्योंकि उन्होंने 30 वर्षों तक शासन किया और अनंत काल के लिए एक अमिट छाप और प्रेरणा छोड़ी। देवी की 300वीं जयंती के अवसर पर, भारतीय समाज पर उनका स्थायी प्रभाव और उनके सिद्धान्त आज भी हमारे मन में गूंजते रहते हैं।

- लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा

लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। विश्व के सबसे बड़े महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति कर्तृत्व के आदर्श के रूप में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का अनुसरण करती है। समाज में अनेक लोक उत्थान के कार्य किए हैं। उन्होंने उद्योगों का निर्माण किया ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और उन्हें इतना मजबूत बनाया कि महेश्वर का कपड़ा उद्योग अभी भी चल रहा है और कई लोगों को रोजगार दे रहा है। उनके नाम के पीछे पुण्यश्लोक शब्द है।रानी अहिल्या बाई होलकर ने भारत के भिन्न-भिन्न भागों में कई मंदिरों, धर्मशालाओं और अन्न सत्रों का निर्माण कराया। इस दौरान नगर मंत्री अश्विन पिल्लई, गजेंद्र सोनी, प्रशांत अवनीश मिश्रा रघुराज करण शर्मा पूनव कुंजाम समेत अभाविप के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीण बच्चों को शिक्षित कर योग्य बनाएं फिर लगाएं उद्योग : रूकमणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी पंचायत चुनाव में कांग्रेस नेत्री रूकमणी कर्मा एक बार फिर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ेगी। पांच साल पहले 2014 से 2019 तक तोकापाल ब्लाक के बुरूंगपाल क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य रही है। तोकापाल ब्लॉक के निर्वाचन क्षेत्र क्र. 11 से चुनाव लड़ कर वह इस पिछडे इलाके में शिक्षा और स्वास्थ्य पर खास तौर से ध्यान देगी। हरिभूमि से चर्चा में कांग्रेस नेत्री रूकमणी कर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से उद्योग लगाने की सुगबुगाहट चल रही है। सर्वे के लिए लोग आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री लगेगा, उन्होंने कहा काफी साल पहले इस इलाके के मावलीभाटा और बुरूंगपाल क्षेत्र में स्टील प्लांट लगाने के लिए डायकेम उद्योग समूह ने प्रयास किया था। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया था। मेरा स्पष्ट मानना है कि हमारे आदिवासी अंचल बस्तर में शिक्षा का स्तर कम होने से बाहरी लोग नौकरी पा जाते हैं। इसका जीता जागता उदाहरण बैलाडिला का कि रंदुल और बचेली परियोजना तथा नगरनार का स्टील प्लांट है। उन्होने कहा जमीन लेने के पहले शत प्रतिशत स्थनीय लोगों को नौकरी देने का वादा किया जाता है लेकिन प्लांट लगने के बाद शिक्षा के नाम पर अन्य राज्यो के लोगों को ले लिया जाता है। इसलिए मेरा स्पष्ट मानना है कि सरकार पहले बस्तर के बच्चों एवं युवाओं को शिक्षित करे और उसके बाद उद्योग की सोचे ।

- पांच साल बाद फिर जिला पंचायत सदस्य का लड़ेगी चुनाव
- मावलीभाटा, बुरूंगपाल क्षेत्र में हुआ था डायकेम उद्योग का विरोध



### 15 साल से सक्रिय राजनीति में

रूकमणी कर्मा ने कहा कि लगभग 15 साल से मैं कांग्रेस पार्टी से जुड़कर बस्तर की राजनीति में सक्रिय हूं। पार्टी संगठन ने जब भी मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैने ईमानदारी और निष्ठा से किया है। पांच साल जिला पंचायत सदस्य रह कर गांव के विकास में काम किया। प्रदेश महासचिव, प्रदेश महामंत्री, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित तीन साल तक बीजापुर जिले की प्रभारी रही। मेरे प्रभार जिले बीजापुर के भैरमगढ़ और भोपालपटनम के नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई।

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक के छात्राओं ने एड्स के प्रति किया जागरूक

# एड्स जागरूकता पखवाड़े पर मानव श्रृंखला बना, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संस्था के मैदान में मानव श्रृंखला निर्माण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्राचार्य एसके त्रिवेदी के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम में छात्राओं ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता का संदेश दिया। इसके साथ ही सभी उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एड्स के प्रति जागरूक रहने और समाज में इसके बारे में सही जानकारी फैलाने की शपथ ली।



इस अवसर पर एक रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य समाज में एड्स के बारे में भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को सही जानकारी देना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया और इसे सफल बनाया।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9149027841

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

## निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर मंत्रियों ने किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान अंतर्गत शनिवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा बुरुन्दवाडा सेमरा की सरपंच को टीबी मुक्त पंचायत हेतु प्रमाणपत्र, निक्षय मित्र व कुष्ठ मित्र को प्रमाणपत्र, टीबी मरीज को फूड बास्केट तथा वृद्धजन को वॉकिंग स्टिक का वितरण जिला कार्यालय परिसर में किया गया। साथ ही अभियान हेतु प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

**आवश्यकता है**

**हरिभूमि** छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को बस्तर संभाग एवं जगदलपुर शहर में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

**योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक**
**वेतन 10,000+**
**स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता**

बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा

Resume Whatsapp करें
91318 93124

**हरिभूमि**
ब्यूरो कार्यालय : प्रताप गंजपारा, पुनम होटल, जगदलपुर